प्रेस नोट *29/05/2025*

दिनांक 22.05.2025 को थाना घोसी क्षेत्रान्तर्गत खैरामुहम्मदपुर में एक युवक की हत्या मामले में संलिप्त 01 अभियुक्त गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री महेश सिंह अत्रि के पर्वेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी घोसी श्री दिनेश दत्त मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना घोसी पुलिस को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब दिनांक 29.05.2025 को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर लाखीपुर मोड़ के पास से दिनांक 22.05.2025 को थाना घोसी क्षेत्रान्तर्गत खैरामुहम्मदपुर में एक युवक की हत्या मामले में संलिप्त एक अभियुक्त विनीत कुमार पुत्र विजय प्रकाश निवासी खैरामुहम्मदपुर थाना घोसी जनपद मऊ को गिरफ्तार किया गया । पुछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया किं पैसो की लेनदेन की वजह से घटना कारित किया है। जो थाना स्थानीय पर पूर्व में पंजीकृत मु0अ0सं0 248/25 धारा 103(1), 61(2), 238 बीएनएस में प्रकाश में आये अभियुक्त विनीत कुमार पुत्र विजय प्रकाश निवासी खैरामुहम्मदपुर थाना घोसी जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त–

1. विनीत कुमार पुत्र विजय प्रकाश निवासी खैरामुहम्मदपुर थाना घोसी जनपद मऊ।

गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम–

1. थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह थाना घोसी जनपद मऊ।
2. का0 अनिल चौधरी थाना घोसी जनपद मऊ।
3. का0 अवनीश कुमार थाना घोसी जनपद मऊ।

02 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 29.05.2025 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना सरायलखन्सी पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त उमेश कुमार पुत्र फेकु राम निवासी ताजोपुर किन्नुपुर थाना सरायलखन्सी व थाना घोसी पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त राजु हरिजन उर्फ अभिषेक पुत्र अनिल निवासी पिडवल थाना घोसी जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।